भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 644

दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए

बिहार में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम

644. श्री राजा राम सिंह:

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बिहार में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के कार्यान्वयन की व्यापक समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) कार्यक्रम के प्रारंभ से अब तक बिहार में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और अवसंचारना के क्षेत्र में प्राप्त प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स) का प्रखंड-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) कितने प्रखंड वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहे हैं और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) विकास संबंधी क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए प्रस्तावित सुधारात्मक उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) 40 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) पर डेल्टा रैंकिंग पद्धति के माध्यम से सभी आकांक्षी ब्लॉकों की त्रैमासिक आधार पर निगरानी करता है। ये संकेतक स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और संबद्ध क्षेत्र, सामाजिक

विकास और बुनियादी ढांचे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं। बिहार राज्य के आकांक्षी ब्लॉकों सहित सभी 513 आकांक्षी ब्लॉकों के सभी संकेतकों पर प्रगति की निगरानी की जाती है और इनके प्रदर्शन डेटा चैंपियंस ऑफ चेंज डैशबोर्ड (https://abp.championsofchange.gov.in/) पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

(ख) बिहार के सभी 61 आकांक्षी ब्लॉकों के केपीआई का विवरण चैंपियंस ऑफ चेंज डैशबोर्ड (https://abp.championsofchange.gov.in/) पर उपलब्ध है।

(ग) आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) के तहत कोई विशिष्ट वार्षिक लक्ष्य नहीं हैं, तथापि इस कार्यक्रम का उद्देश्य निरंतर निगरानी और पर्यवेक्षण द्वारा संकेतकों को पूरा करना है।

(घ) आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) के तहत कम प्रदर्शन करने वाले संकेतकों में सुधार के लिए केंद्रित अंतःक्षेपों के साथ-साथ निरंतर निगरानी और पर्यवेक्षण और सर्वोत्तम प्रथाओं के प्रसार को आकांक्षी ब्लॉकों के सामाजिक-आर्थिक विकास में तेज़ी लाने और उनके प्रदर्शन में सुधार करने के लिए किया जाता है।

*****